तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 21 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
विद्युत कंपनी के अनुदान के बाद भी खर्च कर दी गई फीस की राशि



(कोरबा) प्रवेश प्रारंभ (कटघोरा)
प्रतिमाह मात्र 999/-में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
पता: प्राचार्य: लालूराम कालोनी (पवन भोग आटा चक्की के पीछे) कोरबा
मो. 9203903521, 9425556340, 9203914561
पता: प्राचार्य: निहारिका टॉकीज कम्पाउंड, गोपाल पेट्रोल पंप के सामने कटघोरा
मो. 9203914562, 9691946265, 9203914561

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में मंत्री खुशवंत साहेब होंगे शामिल

**कोरबा।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के अवसर पर देवी अहिल्या बाई होल्कर कन्वेंशनल हॉल में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा व रोजगार एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली-तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक रामपुर फूलसिंह राठिया, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ पवन सिंह, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल व सभापति नूतन सिंह ठाकुर शामिल होंगे। यह सामूहिक योग कार्यक्रम सुबह 7 बजे से 8 बजे तक होगा।

### बालको मंडल की योगासन अभ्यास कार्यक्रम आज

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी बालको मंडल के तत्वाधान मे 21 जून विश्व योग दिवस के अवसर पर योगासन अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 6:30 बजे सामुदायिक भवन हाऊसिंग बोर्ड वार्ड 39 मे रखा गया है। उक्त कार्यक्रम मे बालको मंडल प्रभारी व जिला उपाध्यक्ष मंजू सिह दीदी की उपस्थिति मे योगगुरु श्रीमान यज्ञनारायण यादव जी के द्वारा योगासन आसन व अभ्यास सामूहिक रूप से किया जायेगा।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन की सूचना

**कोरबा।** जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं डाइट आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं संस्थान में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे विद्यार्थी जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं उन्हे सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वीं से उच्चतर) के पंजीयन, स्वीकृति की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा वर्ष 2026-27 छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन/ प्रस्ताव/ स्वीकृति की तिथि निर्धारित की गई है। नवीनीकरण हेतु विद्यार्थियों द्वारा आनलाइन आवेदन प्राप्ति तिथि क्रमशः 30 जून, 30 सितंबर, 30 नवंबर एवं 30 दिसंबर तक निर्धारित की गई है।

### किसानों ने सीखी घन जीवामृत बनाने की विधि

**कोरबा।** खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उन्नत एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों से जोडने के लिए कृषि विभाग लगातार प्रयासरत है। नवागांव कला में कृषि सखी द्वारा किसानों को घन जीवामृत तैयार करने की विधि की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों ने इस तकनीक को गंभीरता से समझा और अपने खेतों में इसका उपयोग करने की सहमति जताई। कृषि सखी ने किसानों को बताया कि घन जीवामृत प्राकृतिक खेती का एक महत्वपूर्ण घटक है, जो मिट्टी में लाभकारी सूक्ष्मजीवों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उसकी उर्वरता और जैविक गुणवत्ता में सुधार करता है।

# पेपर लीक के बाद शहर के 4 केन्द्रों में आज होगी नीट की दूसरी बार परीक्षा

## 1765 परीक्षार्थी बैठेंगे, अपरान्ह 11 बजे से शुरू होगी एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नीट एग्जाम की दूसरी बार होने जा रही परीक्षा शहर के 4 केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। इसके लिए छात्रों के एंट्री का काम परीक्षा केन्द्र में अपरान्ह 11 बजे से शुरू हो जाएगा। जो दोपहर 1.30 बजे तक चलेगा।

चार केन्द्रों में होने वाली परीक्षा में 1765 परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र आबंटित किया गया है। जैमर, सीसीटीवी कैमरे के बीच होने वाली परीक्षा के लिए छात्रों को अपनी एंट्री कराने के लिए आबंटित परीक्षा केन्द्र में सुबह 10.30 बजे से पहुंचना होगा। अपरान्ह 11 बजे से छात्रों के एंट्री का काम शुरू होने के साथ दोपहर डेढ़ बजे तक एंट्री दी जाएगी। उसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक परीक्षा ली जाएगी। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के जिन स्कूलों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है उसमें जिले के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज कोरबा, केन्द्रीय विद्यालय गोपालपुर, केन्द्रीय विद्यालय एनटीपीसी कोरबा के साथ एकलव्य आवासीय विद्यालय छुरी शामिल है। इन चारों परीक्षा केन्द्रों में 1765 परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षा की तैयारियों के लिए प्रशासन के द्वारा पिछले एक पखवाड़े से सभी परीक्षा केन्द्रों के सुरक्षा को लेकर प्रबंध किए गए थे। एक दिन पूर्व भी परीक्षा केन्द्रों की तैयारियों का निरीक्षण करने जिला पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर कुणाल दुदावत पहुंचे थे। परीक्षा केन्द्रों में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश रोकने के लिए कड़े प्रबंध किए गए हैं। सभी केन्द्रों में जैमर और सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

**खास बातें**

- दोपहर 2 बजे से शाम 5 .15 बजे तक आयोजित की जाएगी परीक्षा



**केन्द्र सरकार से मिले हैं शासन को निर्देश**

परीक्षा आयोजित करने के संबंध में केन्द्र सरकार से जिला प्रशासन को परीक्षा आयोजित करने के संबंध में कुछ बिंदु की गाइड लाइन जारी की गई है। परीक्षा केन्द्रों में गोपनीयता के प्रबंध किए गए हैं। तकनीकी साधनों को पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। छात्रों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने से पूर्व अपने सभी दस्तावेजों के साथ और केन्द्रीय गाइड लाइन का पालन करते हुए प्रवेश करने की अनुमति रहेगी। दस्तावेजों में जरा भी तकनीकी त्रुटि होने पर परीक्षार्थियों को रोका भी जा सकता है।

## दो दिन बाद होने वाली ग्रामसभा में उठेगा हितग्राहियों का मुद्दा

# निर्माण कार्य के जियो टेगिंग के बाद ही जारी हो रही है पीएम आवास की दूसरी किश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीएम आवास के दूसरे किश्त के लिए हितग्राहियों के सामने तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं। प्लिंथ लेबल तक निर्माण के बाद जियो टेगिंग की रिपोर्ट पर दूसरी किश्त की राशि जारी होने के नियम के कारण नए हितग्राहियों को व्यवहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- मैदानी क्षेत्र में मटेरियल नहीं पहुंचने से काम पड़े हैं बंद



फाइल फोटो

जिले में वर्ष 2016 से 2024 तक के पीएम आवास के निर्माण अधूरे की समीक्षा के दौरान यह जानकारी सामने आई कि निर्माण कार्यों की समय पर जियो टेगिंग नहीं होने के कारण न किश्त की राशि जारी हुई और न निर्माण कार्य शुरु हुआ। हालांकि जिला पंचायत की पीएम आवास शाखा की मानें तो जब से यह योजना शुरु हुई है तब से लेकर लगभग एक लाख आवासों का निर्माण हो चुका है। जिनमें पुराने अधूरे पड़े वे आवास भी शामिल हैं जो किश्त नहीं जारी होने से पूरे नहीं हो पा रहे थे। ऐसे आवासों को अब पूरा किया गया है। लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर सबसे बड़ी समस्या ग्रामीण क्षेत्रों की है। निर्माण सामग्री के नहीं पहुंचने के कारण हितग्राही आवासों का निर्माण शुरू नहीं कर पा रहे हैं। इस वजह से जियो टेगिंग भी नहीं होने के कारण आवास की दूसरी किश्त भी अटकी हुई है। आवास निर्माण हेतु जनपद से लेकर जिला पंचायत तक लगातार समीक्षा बैठक हो रही है। जबकि हितग्राहियों की समस्या जस की तस बनी हुई है।

**सुशासन तिहार में हुई थी शिकायत**

हितग्राहियों को पीएम आवास की किश्त नहीं मिलने की शिकायतें सुशासन तिहार में हुई थी। रोजगार सहायकों की गलती की वजह से ऐसे कई हितग्राही हैं जो निर्माण कार्य ही शुरू नहीं कर सके हैं। सूची में नाम आने के बाद भी पहली किश्त जारी नहीं हो सकी है। इस तरह के मामले जनपद पंचायत कोरबा के केराकछार और नकिया, डोकरमना, कोरकोमा आदि गांव में आई है। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य में किसी तरह की गड़बड़ियां न हो इसके लिए आवास निर्माण के हर स्तर की जियो टेगिंग किया जाना अनिवार्य है। जियो टेगिंग की रिपोर्ट आने के बाद ही किश्त जारी करने का नियम है।

# खेती का काम शुरू होने से पहले समितियों में डीएपी खाद का संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में मानसून की दस्तक अभी भले ही नहीं हुई है लेकिन खेती की तैयारी में किसान जरूर जुट गए है। शुरुआती दौर में इन्हें डीएपी खाद के संकट से जूझना पड़ रहा है। बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष 60 प्रतिशत खाद किसानों को दिए जाने से खाद का संकट गहरा गया है।

**खास बातें**

- विकल्प के रूप में उपलब्ध नैनो खाद के प्रति किसानों में नहीं है रुचि
- बीज भंडारण भी किया गया सीमित मात्रा में



फाइल फोटो

सभी किसानों को यूरिया और डीएपी खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो सके इसे देखते हुए सरकार ने खाद वितरण के नियम में पहले से ही बदलाव किया था। इस नियम के तहत बीते वर्ष जिन किसानों को जितनी मात्रा में यूरिया खाद दी गई थी उसका 80 प्रतिशत हिस्सा ही इस वर्ष दिया जाएगा। इसी तरह डीएपी खाद बीते वर्ष की तुलना में 60 प्रतिशत ही दिया जाएगा। सरकारी नियमों के तहत प्रत्येक किसानों को 20 प्रतिशत यूरिया और 40 प्रतिशत डीएपी खाद नहीं मिलने की वजह से उनके सामने खेती की तैयारी के दौरान ही व्यवहारिक कठिनाइयां खड़ी हो गई हैं। मजबूरी में उन्हें इसकी पूर्ति मार्केट से खाद खरीकर करना पड़ रहा है। हालांकि इसके लिए विकल्प के तौर पर नैनो यूरिया और डीएपी लिक्विड के रूप में समितियों में उपलब्ध है। विभाग इन खादों को भी उत्पादन के लायक बता रहा है किन्तु किसानों में लिक्विड खाद के प्रति रूचि नहीं होने के कारण उठाव भी धीमी गति से चल रहा है।

**विकल्प उपलब्ध है**

सभी समितियों में विकल्प के रूप में किसानों के लिए यूरिया और डीएपी की लिक्विड खाद नैनो उपलब्ध कराई गई है। इससे भी फसल का उत्पादन पहले जैसा ही होगा।

-डीपीएस कंवर, उप संचालक कृषि

**इस वर्ष 92 हजार हेक्टेयर में ही धान का होगा उत्पादन**

बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष जिले में 92 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लेने का लक्ष्य रखा गया है। जो 8 हजार हेक्टेयर कम है। इसी तरह 500 हेक्टेयर में जैविक खेती का लक्ष्य रखा गया है। शेष हेक्टेयर में अन्य फसल लेने का लक्ष्य है। बीते वर्ष एक लाख हेक्टेयर में खरीफ की फसल ली गई थी।

# वाहन खरीदी बिक्री के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाहन खरीदी-बिक्री के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को चांपा पुलिस ने सायबर सेल की मदद से धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी खरीदी बिक्री के नाम पर 20 लाख रुपए की रकम डकारने के बाद लगातार फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है।

**खास बात**

- सर्वमंगला नगर निवासी युवक से फॉर्च्यूनर बिक्री के नाम पर ली थी रकम

उल्लेखनीय है कि जिले के सर्वमंगला नगर निवासी चंद्रप्रकाश जायसवाल ने 27 मई को थाना चांपा में शिकायत दर्ज कराया था। शिकायत के अनुसार 21 अक्टूबर 2024 को उनका सौदा ग्राम करनौद (थाना बिर्रा) निवासी कथित आरोपी के साथ हुआ था। सौदा फॉर्च्यूनर वाहन को गिरवी रखने या बिक्री करने के एवज में 20 लाख रुपये में तय हुआ था। आरोप हैं कि रकम लेने के बाद कथित आरोपी ने उक्त फॉर्च्यूनर कार को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। जब सर्वमंगला नगर निवासी प्रार्थी चंद्रप्रकाश को इस बात की भनक लगी और उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी, तो उसने उन्हें एक फर्जी चेक थमा दिया। बैंक में चेक बाउंस होने के बाद प्रार्थी को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हुआ, जिसके बाद उन्होंने पुलिस की शरण ली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर चांपा पुलिस ने अपराध क्रमांक 267/26, धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। कथित आरोपी बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। अंततः चांपा पुलिस ने सायबर टीम की मदद से उसका मोबाइल लोकेशन ट्रेस ⏭ शेष पेज 3 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# सिंधु भवन में चोरी करने पहुंचा युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रानी बस्ती रानी रोड स्थित सिंधी कॉलोनी में शुक्रवार की देर रात चोरी की कोशिश के दौरान ऐसा घटनाक्रम हुआ कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सिंधी समाज के सिंधु भवन में चोरी की नीयत से घुसा एक शातिर चोर पकड़े जाने के डर से छज्जे से कूद गया। इस दौरान छज्जा रेलिंग समेत टूटकर नीचे खड़ी एक्स्यूवी 300 कार पर जा गिरा, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। शोर सुनकर बाहर निकले लोगों ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।



आरोपी युवक।

**खास बात**

- पकड़े जाने के डर से छज्जे से लगा दी कार पर छलांग, हुई क्षतिग्रस्त



क्षतिग्रस्त कार जिस पर गिरा था युवक।

जानकारी के अनुसार 19 जून की रात करीब 11:40 बजे कान्हा दास महंत अपने कुछ साथियों के साथ सिंधु भवन पहुंचा था। बताया जा रहा है कि आरोपी भवन में चोरी करने के इरादे से छज्जे के सहारे अंदर दाखिल होने की कोशिश कर रहा था। इसी बीच पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति की नजर उस पर पड़ गई। खुद को घिरता देख कान्हा दास महंत घबरा गया और भागने के लिए जल्दबाजी में छज्जे से नीचे कूदने लगा। भागने की कोशिश में छज्जा रेलिंग सहित भरभराकर टूट गया और उसका भारी मलबा सीधे नीचे खड़ी एक्सयूवी 300 कार पर आ गिरा। तेज आवाज से पूरा मोहल्ला जाग गया। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और आरोपी को भागने से पहले ही दबोच लिया। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसने आरोपी को हिरासत में ले लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कान्हा दास महंत इलाके का शातिर चोर है, जो अपने 4 से 5 साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। मोहल्लेवासियों के अनुसार वह पहले भी कई बार चोरी के मामलों में पकड़ा जा चुका है, लेकिन इसके ⏭ शेष पेज 3 पर

## फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर बढ़ा फोकस

# खदान से सीधे रेल रैक तक पहुंचेगा कोयला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला परिवहन व्यवस्था में बड़ा बदलाव आने वाला है। इसके तहत खदानों से निकलने वाला कोयला ट्रकों के बजाय कन्वेयर बेल्ट, साइलो आदि के माध्यम से सीधे रेलवे वैगनों तक पहुंचेगा। इसके लिए कोल इंडिया ने फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी (एफएमसी) परियोजनाओं पर फोकस बढ़ा दिया है।



वित्तीय वर्ष 2026-27 में 131 मिलियन टन वार्षिक क्षमता वाली 13 एफएमसी परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें झारखंड और पूर्वी भारत के कई महत्वपूर्ण कोयला क्षेत्र शामिल हैं। फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी यानी खदान से निकलने वाले कोयले को पहले चरण में ही यांत्रिक व्यवस्था से रेलवे नेटवर्क तक पहुंचाने की प्रणाली में कन्वेयर बेल्ट, क्रशर, साइलो और रेलवे लोडिंग सिस्टम विकसित किये जाते हैं। वर्तमान में कई क्षेत्रों में कोयला ट्रकों से रेलवे साइडिंग तक पहुंचाया जाता है। इससे सड़कों पर दबाव बढ़ता है और प्रदूषण की समस्या होती है। एफएमसी प्रणाली इन समस्याओं को काफी हद तक समाप्त कर देगी। जिससे सड़क पर ट्रकों की संख्या घटेगी, धूल और प्रदूषण कम होगा, कोयला तेजी से रेलवे तक पहुंचेगा, परिवहन लागत में कमी आएगी, खदानों में कोयले का जमाव कम होगा, उत्पादन और आपूर्ति क्षमता बढ़ेगी, पर्यावरणीय मानकों का बेहतर पालन होगा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

# LCIT COLLEGE OF COMMERCE & SCIENCE

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS

Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Vishwavidyalaya, Bilaspur (C.G.)

THINK EDUCATION THINK LCIT

AFFILIATED TO & APPROVED BY

MEMBER OF

Virtual Labs
An MoE Govt of India Initiative
FREE ONLINE EDUCATION swayam

## Best College in the Region




Scan For A Brighter Future
APPLY @
COLLEGE CODE 240

ADMISSIONS OPEN 2026-27

## COURSES OFFERED

### SCIENCE
**BCA**(Hons.)
AICTE Approved
**B.Sc.**(Hons.)
- Biology
- Microbiology
- Biotechnology
- Mathematics
- Computer Science

**M.Sc.**
- Zoology
- Chemistry
- Biotechnology
- Computer Science

**PGDCA**
98278-75752

### COMMERCE
**B.Com**(Hons.)

**BBA**(Hons.)
AICTE Approved

**M.Com**
with Marketing & Management

75666-66785

### ARTS
**B.A.**(Hons.)
- History
- Sociology
- Geography
- Economics
- Political Science
- English Literature

**M.A.**
- Geography

91097-30890

### LAW
B.A. LL.B.
B.B.A. LL.B.
B.Com. LL.B.
LL.B.
LL.M.

97558-19835

## PLACEMENT HIGHLIGHTS

TOTAL PLACEMENT 500+
RECRUITING COMPANIES 50+
HIGHEST PACKAGE 12.50 LPA
AVERAGE PACKAGE 4.55 LPA

## TOP RECRUITERS

TCS TATA CONSULTANCY SERVICES | YOKOHAMA | Datun Jangal se | HDFC BANK | adani Cement | & Many More

## UNIVERSITY - GOLD MEDALIST

YASHRAJ M.Sc. CS
SHUBHANGI SINGH THAKUR M.Com
SHREYANSHI JAIN BBA
KASHISH MATLANI B.Com
CHANDRA PRAKASH CHOUBEY B.Com. LL.B.

30+ BRILLIANT MINDS FROM OUR COLLEGE HAVE SECURED RANKS IN THE UNIVERSITY MERIT LIST!

## CAMPUS LIFE


RASS GARBA


MH 43 INDIA BAND


EXCURSION TRIPS


EDUCATIONAL VISIT

TRANSPORT FACILITY | COMPUTER LABS | EXPERT FACULTY | PLACEMENT ASSISTANCE | HOSTEL: BOYS & GIRLS

## खबर संक्षेप



### बरपाली के तीन बच्चों का एनएमएमएसई परीक्षा में हुआ चयन

**बरपाली।** शिक्षा मंत्रालय द्वारा चलाई जाने वाली राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृति में शास पूर्व माध्यमिक शाला बरपाली के तीन छात्रों मनिता पिता मनहरण बिंझवार, आराधना बिंझवार पिता रामलाल बिंझवार और आयुष मिरि पिता संजय मिरि का चयन हुआ है। जिससे सभी शिक्षकों, पालकों एवं ग्रामवासियों में खुशी का माहौल है। इस परीक्षा का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। यह परीक्षा केवल सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त या स्थानीय निकाय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 8 के छात्रों के लिए होती है। जिसमें चयनित होने पर छात्रवृत्ति राशिः चयनित छात्रों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक हर साल 12 हजार दिए जाते है जिसके लिए छात्र के माता-पिता की वार्षिक आय सभी स्रोतों से 3 लाख 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिये। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरपाली वि ख करतला जिला कोरबा के तीन छात्रों का चयन इसमें हुआ है।

### कोयला लोड ट्रेलर चालक ने कार को लिया चपेट में

**हरदीबाजार।** दीपका थाना अंतर्गत डंपिंग यार्ड मोड़ के पहले हुआ ट्रेलर चालक ने कार सवार को अपनी चपेट में ले लिया। कार में मां-पिता व उसका पुत्र साथ में थे। मां को सिर पर हल्की चोट आई वहीं पिता को गंभीर चोट खाने पर वहां उपस्थित लोगों ने तुरंत 112 बुलाकर दीपका स्वास्थ्य केन्द्र चिकित्सा सुविधा के लिए ले जाया गया। ट्रेलर चालक घटना अंजाम देकर भाग रहा था जिसे पकड़ लिया गया। हरदीबाजार दीपका बाईपास से लेकर बलौदा तक भारी वाहनों का बहुत ज्यादा सड़क पर दबाब बढ़ने के साथ ही साथ टेलर चालकों की लापरवाही भी रोजाना इस मार्ग पर दिखाई दे रही है।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कोरबा।** आर्थिक तंगी और बाइक की किस्तों के दबाव से परेशान एक 22 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर लिया। युवक का शव गांव के पास एक खेत में पेड़ से लटका मिला। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला उरगा थाना क्षेत्र के बटरामपुर गांव का है। मृतक की पहचान शंकर कुमार 22 वर्ष के रूप में हुई है। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने खेत में एक पेड़ पर युवक का शव फंदे से लटका देखा, जिसके बाद पुलिस और परिजनों को सूचना दी गई।

## 27 जून को रायपुर में होगी बैठक, आंदोलन की रूपरेखा पर बनेगी रणनीति

# ओपीएस के लिए एकजुट हुए बिजली अधिकारी-कर्मचारी, साझा मंच से होगी निर्णायक लड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली को लेकर अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों ने अब साझा मंच के माध्यम से निर्णायक संघर्ष का संकेत दे दिया है। इसी कड़ी में कोरबा पश्चिम स्थित ईरेक्टर हॉस्टल में विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संगठनों की लगभग तीन घंटे तक चली मैराथन बैठक में ओपीएस बहाली के लिए संयुक्त रणनीति बनाने और साझा मंच के गठन पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विद्युत कंपनी में कार्यरत लगभग 9 हजार अधिकारी एवं कर्मचारियों का भविष्य पुरानी पेंशन योजना से जुड़ा हुआ है। कर्मचारियों के हितों की रक्षा और सेवानिवृत्ति के बाद सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ओपीएस की बहाली अत्यंत आवश्यक है। इस मुद्दे पर सभी संगठनों ने एक स्वर में संघर्ष तेज करने की आवश्यकता जताई। बैठक में



बैठक में शामिल श्रमिक संगठन के पदाधिकारी।

अभियंता संघ की ओर से शशांक कर्महे, आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बसुदेव भगत, प्रयाग सिंह कंवर एवं हर्षवर्धन पाटले, कर्मचारी जनता यूनियन के प्रांतीय अध्यक्ष अनिल द्विवेदी, फेडरेशन-01 के प्रांतीय महासचिव आर.सी. चेट्टी, इंटक-56 के प्रांतीय अध्यक्ष राम इकबाल, पत्रोपाधि अभियंता संघ के मनोज पटेल तथा युवा अभियंताओं की ओर से प्रतीक शुक्ला एवं जमीर अहमद सहित विभिन्न संगठनों के केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पुरानी पेंशन योजना के लाभ, कर्मचारियों के भविष्य पर इसके प्रभाव तथा विद्युत कंपनियों में इसकी आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि ओपीएस केवल एक वित्तीय योजना नहीं, बल्कि कर्मचारियों और उनके परिवारों के सम्मानजनक एवं सुरक्षित भविष्य की गारंटी है। बैठक के आयोजन में मनोज वर्मा, सम्मेलाल श्रीवास, शरद सोनी एवं क्रांति कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जबकि कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं संचालन शब्बीर मेमन ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से कर्मचारी जनता यूनियन से अनिल द्विवेदी, सम्मेलाल श्रीवास, टी.पी. गुप्ता, लक्ष्मी प्रसाद यादव, सुखीदास महंत, प्रमोद कुमार राठौर, प्रकाश सिंह राठौर, सागर देवांगन,

### सभी संगठनों को तैयार किया जाएगा साझा मंच

कोरबा पूर्व एवं पश्चिम क्षेत्र के युवा कर्मचारियों द्वारा सभी संगठनों को एक मंच पर लाने की पहल की सराहना करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जल्द ही सभी संगठनों का एक साझा मंच गठित किया जाएगा। इसके लिए 27 जून को दोपहर 12 बजे रायपुर स्थित विद्युत कंपनी मुख्यालय डंगनिया में अभियंता संघ कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में विद्युत क्षेत्र के सभी प्रमुख अधिकारी एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा तथा साझा मंच के औपचारिक गठन को अंतिम रूप दिया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि साझा मंच के गठन के बाद कंपनी प्रबंधन एवं राज्य शासन के समक्ष पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग को मजबूती से रखा जाएगा। यदि मांगों पर समयबद्ध और सकारात्मक पहल नहीं होती है, तो प्रदेशव्यापी आंदोलन एवं हड़ताल की रणनीति तैयार की जाएगी।

# कटघोरा-अंबिकापुर एनएच पर दो ट्रेलर की भिड़ंत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे-130 पर शनिवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। चंदनपुर के पास दो ट्रेलरों के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुर्घटना के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति निर्मित हो गई और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर लगभग 3 बजे चंदनपुर के समीप एक ट्रेलर सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान अंबिकापुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे दूसरे ट्रेलर ने पीछे से खड़े वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा सड़क के बीचोंबीच होने के कारण हाईवे पर यातायात बाधित हो गया और दोनों दिशाओं में वाहनों की लंबी लाइन लग गई। घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही दुर्घटना करने वाला ट्रेलर चालक मौके से फरार हो चुका था। बताया जा रहा है कि चालक शराब के नशे में था। पुलिस ने क्रेन की सहायता से दोनों ट्रेलरों को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया। घटना के बाद कुछ समय तक हाईवे पर आवागमन प्रभावित रहा, जिसे पुलिस की तत्परता से सुचारू कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार चालक की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और चालक का नशे की हालत में वाहन चलाना बताया जा रहा है।




# टूटा पुल बना हजारों ग्रामीणों की परेशानी का सबब



टूटा पुल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाकाबुड़ा

विकासखंड कटघोरा के ग्राम देवरी में लगभग एक वर्ष पूर्व क्षतिग्रस्त हुआ पुल आज भी पुनर्निर्माण की बाट जोह रहा है। बरसात नजदीक होने के बावजूद शासन-प्रशासन की उदासीनता से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह संयोजक राजेश यादव ने इस गंभीर समस्या को लेकर शासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। राजेश यादव ने बताया कि उन्होंने 19 मई को सुशासन तिहार के दौरान लिखित आवेदन देकर देवरी-कोराई तथा देवरी-चाकाबुड़ा मार्ग पर आवागमन बाधित होने की समस्या से प्रशासन को अवगत कराया था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि बरसात शुरू होते ही पुल पर डाली गई मिट्टी बह जाएगी और दोनों ओर से संपर्क पूरी तरह टूट जाएगा, जिससे कोराई ग्राम पंचायत सहित कई गांवों का आवागमन प्रभावित होगा। इसके बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक परेशानी क्षेत्र के स्कूली बच्चों को होगी। देवरी स्थित विद्यालयों में पढ़ने वाले बुंदेली, कसाईपाली, चाकाबुड़ा एवं आसपास के गांवों के विद्यार्थियों को बरसात के दिनों में लगभग 10 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी और कई विद्यार्थियों के नियमित विद्यालय पहुंचने पर भी संकट खड़ा हो सकता है।

## कोरबा मार्केट




## पृष्ठ 1 का शेष

### वाहन खरीदी...

किया और उसे उसके निवास स्थान से घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त चेकबुक और मोबाइल फोन जप्त कर लिया है।

### सिंधु भवन में...

बावजूद उसकी गतिविधियां नहीं रुकीं। आरोप है कि यह गिरोह नशे की लत पूरी करने के लिए मंदिरों, सामाजिक भवनों और अन्य स्थानों को निशाना बनाता रहा है। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर उसके फरार साथियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाए ताकि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।












## खबर संक्षेप



### शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय कनबेरी में मना प्रवेशोत्सव

**कोरबा।** शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय कनबेरी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शत्रुहन सिंह कवंर ग्राम सरपंच कनबेरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती मधु सोनी उपस्थित थे। जिनके द्वारा बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कर शाला प्रवेश दिया गया। सरपंच शत्रुघन सिह कंवर ने बच्चों के पालकों से कहा कि बच्चों को शत प्रतिशत उपस्थित होने हेतु प्रेरित करें। एवं शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती मधु सोनी ने ग्रामवासियों से आग्रह किया 6 से 14 वर्ष के सभी अपने बच्चों को शत प्रतिशत शाला में प्रवेश दिलावे। इसी कड़ी में कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों को अभ्यास पुस्तिका एवं कक्षा 1 से लेकर 8 तक के बच्चों को शासन द्वारा प्राप्त निशुल्क गणवेश का वितरण किया गया।

### शाउमावि सिमगा में मनाया संकुल स्तरीय प्रवेशोत्सव



**कोरबा।** पोड़ीउपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ वनाँचल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमगा में 20 जून को संकुल स्तरीय नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 का शुभारंभ कर शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य विद्वान-सिंह मरकाम, जनपद पंचायत सदस्य भारत सिंह सिदार, ग्राम पंचायत सिमगा की सरपंच श्रीमती गायत्री आयाम, शाला विकास समिति के अध्यक्ष जय कुमार सिदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य सतीश प्रकाश सिंह के द्वारा की गई। शाला प्रवेश उत्सव में अतिथियों के द्वारा कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी के नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर और निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण करके किया गया। साथ ही शासन से प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल के बच्चों के लिए प्रदायित गणवेश वितरण किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर हुआ सेमिनार



**कोरबा** अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक विशेष प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय मे किया गया। इस अवसर पर बेंगलुरु से आई वक्ता सुश्री भव्या सिंघल ने अपने वक्तव्य में कहा कि कोविड के बाद से ही मेरे द्वारा योग को अपनाया गया। योगा यूनिवर्सिटी बैंगलुरू से इस संबंध में मेरे द्वारा प्रशिक्षण भी प्राप्त किया गया। उसे समय के बाद से मेरी लाइफ स्टाइल में परिवर्तन आने शुरू हुए सुश्री सिंगल ने कहा कि हम दवाइयां लेते हैं योग भी करते हैं लेकिन हमारे शरीर में दवाइयां बढ़ती जाती है और हमें स्वास्थ्य का लाभ नहीं मिल पाता। योग के बाद भी हमारी समस्याओं का निदान नहीं होता। हमारे दिनचर्या की छोटी-छोटी चीज हमारे लिए समस्या लेकर आती है हमारे बीमार होने का सबसे बड़ा कारण हमारी सोच होती है हमारी सोच के अनुसार ही हमारा शरीर हारमोंस उत्पन्न करते हैं और यही हमारे शरीर में हानिकारक व लाभदायक भी होते हैं।

# अवैध खनन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, 1 जेसीबी समेत 9 वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश एवं उप संचालक, खनि प्रशासन के मार्गदर्शन में खनिज विभाग कोरबा द्वारा जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान खनिज उड़नदस्ता दल ने विभिन्न संदिग्ध क्षेत्रों में छापेमारी कर अवैध गतिविधियों में संलिप्त 1 जेसीबी, 1 ट्रेलर, 2 टीपर एवं 5 ट्रैक्टर सहित कुल 9 वाहनों को जप्त किया।

खनिज विभाग की टीम ने सीतामढ़ी, बरमपुर, कपाटमुड़ा, सुराकछार, बांकीमोगरा, तिलसरा, गुरसिया सहित अन्य क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान बांकीमोगरा, कोसावाड़ी, बरमपुर, घरीपखना एवं गुरसिया क्षेत्र में गिट्टी, मिट्टी और रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में लगे वाहनों को पकड़कर जप्त किया गया। जप्त वाहनों को बांकीमोगरा थाना, रामपुर थाना, बांगो थाना तथा खनिज जांच चौकी रामपुर-कटघोरा में अभिरक्षा में रखा गया है। खनिज विभाग के अनुसार जिले में अवैध खनन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। अप्रैल से 15 जून तक अवैध उत्खनन के 12 प्रकरणों में 6 लाख 74 हजार 100 रुपये, अवैध परिवहन के 89 प्रकरणों में 7 लाख 37 हजार 931 रुपये तथा अवैध भण्डारण के 10 प्रकरणों में 7 लाख 14 हजार 810 रुपये की वसूली की गई है। इस अवधि में कुल 18 लाख 70 हजार 473 रुपये राजस्व की वसूली की जा चुकी है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि अभियान का उद्देश्य अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा शासकीय राजस्व की हानि को रोकना है। विभाग ने चेतावनी दी है कि खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी और अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के खिलाफ अभियान लगातार संचालित किया जाता रहेगा।

## विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षण शुल्क घोटाला

# विद्युत कंपनी के अनुदान के बाद भी खर्च कर दी गई फीस की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनी द्वारा कर्मचारियों के बच्चो के लिए संचालित स्कूलों में वर्षों से विद्यार्थियों से वसूली जा रही शिक्षण शुल्क राशि अब बड़े विवाद का कारण बनती जा रही है। सवाल यह उठ रहा है कि जब स्कूलों के संचालन, शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन, महंगाई भत्ते तथा अन्य प्रमुख खर्चों का वहन स्वयं विद्युत कंपनी प्रबंधन कर रहा था, तब छात्रों से ली गई लाखों नहीं बल्कि करोड़ों रुपये की शिक्षण शुल्क राशि आखिर कहां और किस मद में खर्च हुई?

मामले ने तब नया मोड़ ले लिया जब वर्ष 2009 का एक आधिकारिक आदेश सामने आया। इस आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि विद्यार्थियों से प्राप्त शिक्षण एवं संरक्षण शुल्क की शेष राशि मंडल खाते में जमा कराना शिक्षा समितियों की जिम्मेदारी होगी। अब इसी आदेश के आधार पर वित्तीय प्रबंधन और शुल्क व्यय को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। 27 मार्च 2009 को जारी आदेश के अनुसार कोरबा पूर्व और कोरबा पश्चिम की शिक्षा समितियों को वेतन अनुदान प्राप्त करने से पहले यह घोषणा करनी थी कि विद्यार्थियों से प्राप्त शुल्क की शेष राशि मंडल खाते में जमा करा दी गई है। यानी उस समय ही यह स्पष्ट कर दिया गया था कि छात्रों से प्राप्त फीस शिक्षा समितियों की स्वतंत्र निधि नहीं है। ऐसे में यदि वर्षों तक इस राशि का उपयोग अन्य मदों में किया गया तो इसकी अनुमति किस स्तर से मिली और किस नियम के तहत मिली। स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों के वेतन, महंगाई भत्ता, भविष्य निधि में प्रबंधन अंशदान तथा अन्य कई प्रशासनिक खर्चों का वहन विद्युत कंपनी प्रबंधन करता रहा है। यानी स्कूलों का अधिकांश वित्तीय भार पहले से ही बोर्ड के जिम्मे था। इसके बावजूद विद्यार्थियों से नियमित रूप से शिक्षण शुल्क लिया जाता रहा। अब अभिभावकों और कर्मचारियों के बीच यह सवाल जोर पकड़ रहा है कि आखिर इस राशि का उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया गया।



विद्युतगृह स्कूल पश्चिम।

### कोरबा ईस्ट ने जमा की राशि

सूत्रों के अनुसार कोरबा ईस्ट शिक्षा समिति ने प्राप्त शुल्क राशि को नियमानुसार जमा किया, जबकि दर्री वेस्ट शिक्षा समिति में इस राशि का उपयोग विभिन्न खर्चों में किए जाने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि लाखों रुपये की राशि यात्रा भत्ता (टीए), बैठकों, निरीक्षणों तथा अन्य प्रशासनिक गतिविधियों में खर्च दर्शाई गई है। यदि जांच में यह तथ्य सही पाए जाते हैं तो यह वित्तीय नियमों के पालन और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े कर सकता है।

### टीए और बैठकों पर खर्च हुई फीस

मामले का सबसे विवादित पहलू बच्चों की फीस से किए गए कथित टीए भुगतान को लेकर है। आरोप है कि विभिन्न बैठकों, निरीक्षणों और प्रशासनिक गतिविधियों के नाम पर बड़ी राशि खर्च की गई। कर्मचारियों और अभिभावकों का सवाल है कि जब स्कूल छात्र संख्या में गिरावट, संसाधनों की कमी और आधारभूत सुविधाओं के संकट से जूझ रहे थे, तब बच्चों की फीस का उपयोग स्कूलों के विकास के बजाय प्रशासनिक खर्चों में क्यों किया गया।

### जनता संघ ने विशेष फोरेंसिक कोचिंग की रखी मांग

जनता संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वाइडी ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच और विशेष फॉरेंसिक कोचिंग की मांग की है। उनका कहना है कि अगर किसी निवेशक के खिलाफ जांच सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाना चाहिए। यह एकमात्र वित्तीय मामला नहीं है बल्कि हजारों मजदूरों और कलाकारों की मेहनत की कमाई का नुकसान है।

### नियमों के तहत खर्च की गई राशि

विद्यार्थियों से प्राप्त शिक्षण शुल्क का व्यय पूरी तरह नियमों और निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप किया गया है। राशि के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं बरती गई है तथा सभी खर्चों का विवरण अभिलेखों में उपलब्ध है।

**-अजय सिंह कोरमि**
सचिव, विगृउमा विद्यालय क्र. 2

# तेज रफ्तार बाइक ठेले से टकराई, मौके पर मौत



हादसे में मृत निगम कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवारी बाईपास मार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार बाइक सवार निगम कर्मी सड़क पर जा रहे एक ठेले से टकरा गया। मृतक की पहचान सुनील गुप्ता उम्र 35 वर्ष के रूप में हुई है। वह नगर निगम में कार्यरत था।

जानकारी के अनुसार नो एंट्री खुलने के बाद बुधवारी बाईपास मार्ग पर भारी वाहनों और दोपहिया वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुनील गुप्ता टीपी नगर की ओर से बाइक पर आ रहा था। इसी दौरान बुधवारी की ओर जा रहे ठेला चालक कृष्णा कुमार के ठेले से उसकी बाइक पीछे से टकरा गई। ठेला चालक ने पुलिस को बताया कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। उसके अनुसार चालक ने ब्रेक लगाने का प्रयास भी नहीं किया और सीधे ठेले के पिछले हिस्से से जा भिड़ा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सुनील गुप्ता के सिर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे की सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बाइक को हटाकर यातायात बहाल कराया और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा दुर्घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बुधवारी बाईपास मार्ग पर नो एंट्री खुलने के बाद भारी वाहनों और तेज रफ्तार दोपहिया वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। इससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# नवविवाहिता की तीन दिन बाद कब्र खोद की जा रही जांच- पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- मायके वालों ने पति पर हत्या का जताया शक

श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छिरहुट में शनिवार को 23 वर्षीय नवविवाहिता की कब्र खोदकर उसका शव बाहर निकाला गया। यह कार्यवाही पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में की गई। मृतका के मायके पक्ष ने उसकी मौत पर शक जताते हुए शिकायत दर्ज कराई थी।

जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के कुमा गांव की निवासी युवती का विवाह तीन साल पहले छिरहुट गांव के युवक से हुआ था। दंपती का डेढ़ साल का एक बच्चा भी है। पति ने बताया था कि 16 जून को उसकी तबीयत अचानक बिगड़ी और उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को दफना दिया था। बताया जा रहा हैं कि मृतका के मायके पक्ष को उसकी मौत की सूचना मिलने पर संदेह हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि पति पत्नी के चरित्र पर संदेह को लेकर अक्सर झगड़ा करता था। मायके वालों ने पति पर हत्या कर शव दफनाने का आरोप लगाते हुए श्यांग थाना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और शव के उत्खनन की मांग की। शिकायत मिलने के बाद श्यांग थाना पुलिस ने कार्यवाही की। शनिवार को एसडीओपी, थाना प्रभारी, सीन ऑफ क्राइम टीम और जिला प्रशासन की ओर से नए तहसीलदार की मौजूदगी में छिरहुट गांव में कब्र की खुदाई कराई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर मौजूद थे। पुलिस टीम ने शव को कब्र से निकालकर पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे पर पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

**खास बात**

- शराब पीकर वाहन चलाने वालों व तीन सवारी पर हुई कार्रवाई

सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिले के प्रमुख मार्गों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर और कटघोरा एसडीओपी विजय सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी अपनी टीम के साथ कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाईवे-130 पर वृहद चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बांगो थाना पुलिस स्टाफ भी मौजूद रहा।



हाइवे पर कार्रवाई करती पुलिस टीम।

अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों में तीन सवारी बैठाकर चलने वालों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों तथा चार पहिया एवं भारी वाहनों की सघन जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। वहीं, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों से मौके पर ही ब्लैक फिल्म हटवाकर संबंधित वाहन चालकों पर भी जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा नो-एंट्री के दौरान कटघोरा शहर के भीतर प्रवेश करने वाले भारी वाहनों को रोकते हुए उन्हें बायपास मार्ग से जाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक भी किया। कटघोरा एसडीओपी विजय सिंह राजपूत ने बताया कि कटघोरा से अंबिकापुर नेशनल हाईवे पर लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए यह विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस की इस कार्रवाई से नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई।

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेज़र, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO ज़ेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

## महापौर ने पूजा अर्चना कर कार्य प्रारंभ कराया

# गोकुलगंज से सीतामणी मेन रोड तक सड़क डामरीकरण कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम क्षेत्र अंतर्गत पुराने कोरबा शहर स्थित मोतीसागरपारा के गोकुलगंज से सीतामणी मेन रोड तक सड़क डामरीकरण का कार्य आज प्रारंभ हुआ। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ कराया, इस मौके पर पार्षद नरेन्द्र देवांगन सहित निगम के पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण एवं काफी संख्या में आमनागरिकगण उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के सतत प्रयासों से निगम क्षेत्र में हो रहे व्यापक विकास कार्यो के साथ-साथ लगभग 15 करोड़ रूपये के सड़क डामरीकरण के कार्य स्वीकृत हुये थे, इन सड़क डामरीकरण के कार्यो को डामर की उपलब्धता के आधार पर क्रमशः प्रारंभ कराया जा रहा है। इसी कड़ी में निगम द्वारा वार्ड क्र. 8 मोतीसागरपारा गोकुलगंज से सीतामणी मेन रोड तक 20 लाख रूपये की लागत से बहुप्रतीक्षित सड़क डामरीकरण का कार्य किया जाना हैं, जिसका शुभारंभ आज किया गया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने इस मौके पर पूजा अर्चना की तथा कार्य को प्रारंभ कराया, उन्होने पूरी गुणवत्ता के साथ डामरीकरण का कार्य करते हुये कार्य को शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस मौके पर महापौर श्रीमती राजपूत ने कहा कि यहां बहुप्रतीक्षित सड़क डामरीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है, सड़क के निर्माण से यहां का आवागमन सुगम होगा तथा आवागमन में होने वाली परेशानियाँ दूर होंगी। उन्होने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के विकास एवं यहां पर जनसुविधाओं के विस्तार के लिये लगातार विकास कार्य किये जा रहे हैं, जिनके कारण समस्याएं दूर हो रही हैं तथा लोगों की परेशानियाँ खत्म हो रही हैं। उन्होने कहा कि कोरबा नगर निगम क्षेत्र के समस्त 67 वार्डो में समान रूप से विकास कार्य कराये जा रहे हैं तथा जनताजनार्दन की मांग व आवश्यकता को सम्मान देते हुये इस दिशा में सर्वप्राथमिकता के साथ कार्य हो रहे हैं। इस मौके पर वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मार्गदर्शन में निगम क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है, व्यापक पैमाने पर विकास कार्य कराये जा रहे हैं तथा बरसों की समस्याओं को दूर किया जा रहा है। उन्होने कहा कि हम जनप्रतिनिधियों का यह प्रथम दायित्व बनता है कि हम बिना किसी भेदभाव के केवल जनताजनार्दन की इच्छा का सम्मान करते हुये अपने दायित्वों का निर्वहन करें, तथा आमनागरिकों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करायें, मुझे खुशी है कि इस दिशा में बडे. पैमाने पर निगम द्वारा कार्य लगातार कराये जा रहे हैं।



डामरीकरण कार्य का शुभारंभ करती महापौर राजपूत, पार्षद देवांगन व अन्य।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्प्लेक्स, कोरबा मो. 7049267780